Live Hindustan

छात्रों को डिग्री संग नौकरी भी देगा एकेटीयू

इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के छात्रों को एकेटीयू डिग्री के साथ नौकरी पाने का अवसर भी देगा। विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को नोएडा की इंडिया मार्ट कम्पनी के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत यह कम्पनी विश्वविद्यालय के नोएडा और लखनऊ कैम्पस में प्लेसमेट कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इसमें एकेटीयू से संबद्ध सभी कॉलेजों के छात्रों को मौका मिलेगा। कुलसचिव पवन गंगवार एवं इंडिया मार्ट के सीईओ दिनेश कुमार अग्रवाल के संयोजन में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस अवसर पर वोकेशनल एजुकेशन के सचिव भुवनेश कुमार, कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक समेत विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

15 से 20 दिन में शुरुआत

यह पूल कैम्पस ड्राइव वर्तमान सेमेस्टर से शुरू होनी है। इसके लिए 15 से 20 दिन के भीतर कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा। अगले दो माह में पहली पूल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव शुरू होने की उम्मीद है। इंडिया मार्ट के सीईओ दिनेश कुमार ने बताया कि पिछले चार साल में इंडिया मार्ट ने एकेटीयू के करीब 700 छात्र-छात्राओं को नौकरियां दी हैं। ऐसे में एक साल में औसतन 200 छात्रों को नौकरी का अवसर मिल सकेगा।

एमबीए में जुड़ेगा डिजिटल मार्र्केटग कोर्स एमबीए के छात्रों को इंडस्ट्री की जरूरत के हिसाब से तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय डिजिटल मार्र्केटग पर कोर्स शुरू करने जा रहा है। इस कोर्स का मकसद ई-कॉमर्स के उभरते क्षेत्र के लिए विवि के छात्रों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करना है।

आर्थिक रूप से मजबूत होंगे छात्र

एकेटीयू और इंडिया मार्ट छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही पैसे बनाने का भी मौका देगा। इस अनुबंध के हिसाब से इंडिया मार्ट जल्द ही इंडस्ट्री से जुड़ी समस्याओं पर आधारित प्रोजेक्ट तैयार करेगी। यह प्रोजेक्ट एकेटीयू की वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। छात्रों को कम्पनी की वास्तविक समस्याओं पर काम करने का मौका मिलेगा। बेहतर नतीजे देने वाले छात्रों को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे।